# अपनी बात

अंक : 514 वर्ष 41

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 मार्च, 2017

## सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें – श्रीमती पूनम कुमार

विगत 08 मार्च को मुख्यालय, रांची में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया जिसका थीम **"Be bold for change"** था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोयला सचिव की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम कुमार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमडी सीसीएल की धर्मपत्नी प्रमिला सिंह, निदेशक (कार्मिक) की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) की धर्मपत्नी श्रीमती रीता रेखा चन्द्रा उपस्थित थी। सीसीएल मुख्यालय, क्षेत्र एवं केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर से बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय की वरीय अधिवक्ता श्रीमती एम.एम. पॉल एवं आईजी, सीआईडी, श्रीमती सम्पत मीना मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थीं।

अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम कुमार ने कहा कि हम सभी महिलाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपने मन के अनुरूप कार्य



करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में महिलाओं का कार्य क्षेत्र बहुत विस्तृत है और महिलायें सभी क्षेत्र में प्रभावशाली ढंग से सफल नेतृत्व कर रही हैं।

इस अवसर पर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए माननीय अतिथियों ने सम्मानित किया।


## हमारे सीएमडी "उद्योग भारती पुरस्कार" से सम्मानित



श्री गोपाल सिंह, सीएमडी सीसीएल

नई दिल्ली में 17 मार्च को इंडियान अचीवर्स फोरम द्वारा आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह को कोयला व्यवसाय एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए "उद्योग भारती पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। श्री गोपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में सीसीएल साल दर साल न सिर्फ कोयला उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण में नई उंचाईयों को छू रहा है बल्कि सीएसआर के तहत अनेकों महत्वपूर्ण कल्याणकारी कार्य कर रहा है।

## हमारे नये सीवीओ श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव



श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव, सीवीओ, सीसीएल

विगत 09 मार्च को सी.सी.एल. में श्री आशीष कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य सतर्कता पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। श्री श्रीवास्तव ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से मेकेनिकल इंजीनियर की डिग्री प्राप्त की है। वर्ष 1997 में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में चयनित होने के बाद उन्होंने तमिलनाडु कैडर में अपना योगदान दिया था। वे जिला वन अधिकारी (आईएफएस) के रूप में उंटी एवं नामक्कल में कार्यरत थे। इससे पहले श्री श्रीवास्तव तमिलनाडु में पर्यावरण विभाग के संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्यरत थे।

## ईको पार्क का लोकार्पण



ईको पार्क का लोकार्पण करते कोयला सचिव

विगत 10 मार्च को जवाहर नगर कॉलोनी में कोयला सचिव (भारत सरकार) श्री सुशील कुमार ने 40 हजार वर्ग फीट में फैले ईको पार्क का लोकार्पण किया। अवसर विशेष पर माननीय श्री सुशील कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम कुमार, सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमति प्रमिला सिंह, कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) श्री आर. मोहन. दास, सभी निदेशकगण, सीवीओ एवं अन्य अतिथि भी उपस्थित थे। श्री सुशील कुमार ने अपने संबोधन में ईको पार्क निर्माण के लिए सीसीएल की प्रशंसा की और कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सीसीएल का यह प्रयास सराहनीय है।

## तीन दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



फुटबॉल खिलाडियों संग सीएमडी, नि. (का.) एवं अन्य

विगत 23 से 26 मार्च तक कांके नगड़ी जतरा मैदान में सीसीएल द्वारा ग्रामीणों के लिए तीन दिवसीय "ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। फाईनल मैच (पुरूष वर्ग) चामा और बुकरू टीम के बीच खेला गया। बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने मैच देखा और खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की। पुरुष वर्ग में फाईनल मैच बुकरू की टीम ने जीता एवं महिला वर्ग में एफसी युनाईटेड कांके ने ट्रांफी पर कब्जा किया। विजेता, उपविजेता टीमों को सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर हमारे निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, श्री उदय शंकर, श्री पार्थो भट्टाचार्य, श्री आलोक गुप्ता, श्री दीपक कुमार एवं अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से 20 गांवों के युवाओं को जोड़ने की कोशिश की गई है और इन युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में सीसीएल प्रयासरत रहेगा।

## होली मिलन समारोह



विगत 14 मार्च को विचार मंच में सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह, सभी निदेशकगण, महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के कर्मी उत्साह के साथ होली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में हमारे सीएमडी ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने अपने करियर के कुछ अनुभव भी कर्मियों के साथ बांटे।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक/संचालन) श्री सुबीर चन्द्रा और निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा ने भी अपने अनुभवों और उदाहरण देकर कर्मियों को बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सेल्स एवं मार्केटिंग और एम.एम. विभाग के पांच अधिकारियों को उनके प्रबंधक से महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत होने पर सीएमडी तथा निदेशकगण ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन होली गीत और संगीत के साथ हुआ।

## सीटीओ शांति मुक्ति धाम का नवीनीकरण



शांति मुक्ति का लोकार्पण करते सीएमडी सीसीएल सीएमडी, एच ई सी एवं माननीय अतिथिगण

विगत 22 मार्च को हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं एचईसी के सीएमडी श्री अभिजित घोष ने संयुक्त रूप से स्वर्णरेखा शांति मुक्ति धाम, सीटीओ रोड धुर्वा, एचईसी का लोकार्पण किया। सीसीएल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत मुक्ति धाम का नवीनीकरण किया गया है। स्वर्णरेखा शांति मुक्ति धाम में नई सुविधाएं जैसे पानी टंकी, फायर ब्रिक्स आदि की व्यवस्था की गई है। इस अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) श्री आर. एस. महापात्र, पार्षद श्रीमती सुमन देवी, पूर्व पार्षद श्री कृष्ण मोहन सिंह, श्री उमेश राम एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव




विगत 28 मार्च को मुख्यालय में सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव का भव्य आयोजन मुख्यालय सरना समिति द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएमडी श्री गोपाल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र एवं एशिया पैसफिक इंडिजेनस युथ नेटवर्क की अध्यक्षा डॉ. मीनाक्षी मुण्डा उपस्थित थीं।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)